पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-21

शुक्रवार, दिनांक- 25 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.25 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रम सं०-31 स्थगित ।

(iii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।

(iv) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-1443 श्रम संसाधन विभाग को स्थानांतरित ।

(vi) 98 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(अल्पसूचित प्रश्न क्रम संख्या-32 के उत्तर से माननीय सदस्यों के असंतुष्ट होने पर आसन से घोषणा की गई कि आसन द्वारा इस विषय को स्वयं देखा जाएगा ।)

प्रश्नोत्तर काल के बाद आसन से घोषणा की गई कि भोजनावकाश के लिए सदन के स्थगन के तुरत बाद उनके कार्यालय कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[2] विशेष समिति का गठन :-

आसन से घोषणा की गई कि माननीय सदस्य श्री मंजीत कुमार सिंह के तारांकित प्रश्न सं०-87 पर निम्न प्रकार से विशेष समिति का गठन किया गया है :-

(i) श्री अनंत कुमार सत्यार्थी, स०वि०स०

(ii) श्री अशोक कुमार सिंह, स०वि०स०

(iii) श्री संतोष कुमार निराला, स०वि०स०

(iv) श्रीमती डा० उषा विद्यार्थी, स०वि०स०

(v) श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन, स०वि०स०

श्री अनंत कुमार सत्यार्थी इस समिति के संयोजक एवं सभा सचिव इसके सचिव होगें ।

[3] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह एवं श्री प्रेम कुमार से प्राप्त कार्य स्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गई ।

[4] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) माननीय मंत्री, वित्त विभाग श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 के चतुर्थ तिमाही एवं वित्तीय वर्ष 2014-15 के प्रथम तिमाही के बजट प्राक्कलन से संबंधित प्राप्ति एवं व्ययों के रूझान के परिणाम की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग श्री श्रवण कुमार द्वारा संसदीय कार्य विभाग का अधिसूचना संख्या-74, दिनांक 16.01.2013 तथा अधिसूचना सं०-431, दिनांक 03.04.2013 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि दोनों अधिसूचनाएं सदन पटल पर 14 दिनों तक रखी रहेगी ।

(iii) माननीय मंत्री समाज कल्याण विभाग श्रीमती लेशी सिंह द्वारा बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियमावली की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग श्री विनोद प्रसाद यादव द्वारा पंचायती राज संस्थाएँ बिहार सरकार से संबंधित स्थानीय लेखा परीक्षक, बिहार का 31 मार्च 2011 को समाप्त हुए वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(v) माननीय सभापति, लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 538वाँ प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[5] अन्य चर्चाएँ :-

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री नन्द किशोर यादव द्वारा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को दिए जाने वाले छात्रवृत्ति के विषय को रखा गया । जिस पर माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी और माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 05.02 बजे अप० तक ।

[6] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय नेता, प्रतिपक्ष द्वारा कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन सदन की सहमति हेतु प्रस्तुत किया गया जिसपर सदन की सहमति हुई ।

[7] गैर सरकारी संकल्प :-

(i) 43 गैर सरकारी संकल्प वापस ।

(ii) 03 गैर सरकारी संकल्प स्थगित ।

(iii) 04 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट ।

आसन से घोषणा की गयी कि बचे हुए गैर सरकारी संकल्प 01 अगस्त 2014 को लिए जाएंगें ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 35 के निस्तारण के समय माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 49 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

(इस दौरान माननीय संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर आसन द्वारा सदन की सहमति से सूचीबद्ध कार्य के निस्तारण तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया)

[8] सामान्य लोकहित के विषय पर विमर्श :-

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-43 के अन्तर्गत डा० अच्युतानन्द, स०वि०स० से प्राप्त सामान्य लोकहित के विषय ''यह सभा राज्य सुखाड़ से उत्पन्न स्थिति'' पर एक घंटा का विमर्श ।

माननीय नेता, प्रतिपक्ष श्री नन्द किशोर यादव द्वारा प्रस्ताव किया कि ''यह सदन सुखे से उत्पन्न स्थिति'' पर विमर्श करे ।

विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

(i) श्री संजय सिंह टाइगर
(ii) डा० रणविजय कुमार
(iii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(iv) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(v) श्री कृष्णनंदन यादव

माननीय मंत्री, कृषि श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा सरकार की ओर से विमर्श का उत्तर दिया गया ।

आसन द्वारा माननीय मंत्री के लिखित भाषण को कार्यवाही का अंग बनाने का निदेश दिया गया ।

[9] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 01 अगस्त, 2014 के 09.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-25.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।